Publication: Punjab Kesari **Edition:** Chandigarh **Date:** 1st October 2014

'अनुशासन, जुनून व तकनीक से ही होती है अच्छे शैफ की पहचान'

चंडीगढ़, 30 सितम्बर (पूजा): अनुशासन, जुनून व तकनीक से ही होती है अच्छे शैफ की पहचान। यह कहना है अंतर्राष्ट्रीय शैफ क्रिस्टोफर कोएटके वाइस प्रैजिडैंट कैंडल कालेज स्कूल ऑफ कलनरी आर्ट्स का। जो मंगलवार को मास्टर क्लास की मेजबानी के लिए जे.डब्ल्यू. मैरियट पहुंचे।

इस मौके पर क्रिस्टोफर ने कलनरी आर्ट्स के बारे में शिक्षा दी और इसमें करियर संबंधी विभिन्न अवसरों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। शैफ कोएटके ने इंटरीकेट डक रैसिपी को तैयार करने के बारे में बताया, अमेरिका के अपर मिडवेस्ट के फ्लेवर्स को इसमें शामिल किया। जिनमें मैप्पल, वाइल्ड राइस और अलग व्यंजन चाऊ चाऊ के बारे में बताया।

उन्होंने जानी पहचानी व्यंजन विधियों को हाई और ग्लोबल तकनीकों के साथ मिलाकर प्रस्तुत किया, जिसमें अनुशासन, जुनून, तकनीक, मौसम, अंतर्राष्ट्रीयता, स्थानीय निर्भरता, कारोबारी समझ और कलात्मक सिद्धांत शामिल हैं।



क.एस. राणा